मो0 नं0 : 9473942736

# अधिशासी अभियन्ता खण्ड कार्यालय

उत्तर प्रदेश जल निगम, (ग्रामीण) कानपुर देहात।

पत्रांक 5649 / डब्लू–52 / 78 दिनांक 10-6-26

सेवा में,

जिलाधिकारी,
कानपुर देहात।

**विषयः–** **ई0 पेपर दैनिक समाचार पत्र दैनिक भाष्कर के दिनांक 09.06.2026 के संस्करण में प्रकाशित खबर "नोडल अधिकारी ने जल जीवन मिशन में लापरवाही पर फटकाराः कानपुर देहात में एक्सईएन को लगाई फटकार, व्यवस्था सुधारने के निर्देश" के सम्बन्ध में।**

महोदय,

उपरोक्त विषयक **ई0 पेपर दैनिक समाचार पत्र दैनिक भाष्कर के दिनांक 09.06.2026 के संस्करण में प्रकाशित खबर "नोडल अधिकारी ने जल जीवन मिशन में लापरवाही पर फटकाराः कानपुर देहात में एक्सईएन को लगाई फटकार, व्यवस्था सुधारने के निर्देश"** के सन्दर्भ में अवगत कराना है कि ग्राम पंचायत मुरलीपुर विकास खण्ड मलासा जनपद कानपुर देहात के अन्तर्गत कार्यदायी संस्था मेसर्स इण्डियन हूयम पाइप लि0 के द्वारा जिसकी अनुमानित लागत रू0 197.11 लाख है योजना का निर्माण कार्य कराया जा रहा है। उक्त योजना से सम्बन्धित ग्राम पंचायत मुरलीपुर में सम्मिलित मुरलीपुर, जलालपुर एवं बंजारन डेरा 03 नग मजरे सम्मिलित है। योजना में सम्मिलित अवर जलाशय, पम्प हाउस, नलकूप, बाउण्ड्रीवाल, सोलर पैनल, गृह जल संयोजन एवं वितरण प्रणाली के कार्य पूर्ण है।

तत्क्रम में अवगत कराना है कि जनपद कानपुर देहात में नामित नोडल अधिकारी श्री जी0एस0 प्रियदर्शी आयुक्त महोदय ग्राम्य विकास विभाग के द्वारा उक्त पेयजल योजना का निरीक्षण किया गया, निरीक्षण के दौरान जलापूर्ति व्यवस्था पाइप लाइन नेटवर्क, ओवर हेड टैंक एवं परियोजना की समग्र प्रगति की समीक्षा की गयी। निरीक्षण के दौरान नोडल अधिकारी महोदय द्वारा ग्रामीण से सीधे संवाद स्थापित कर पेयजल आपूर्ति की स्थिति की जानकारी प्राप्त की गयी, जिसके सापेक्ष पेयजल योजना में सम्मिलित ग्राम मुरलीपुर, जलालपुर एवं बंजारन डेरा के ग्रामीणों के द्वारा नियमित जलापूर्ति पर संतुष्टि व्यक्त की गयी है। इसी क्रम में औचक रूप से लाभार्थी श्री घसीटे निवासी जलालपुर के घर पहुंच कर नोडल अधिकारी महोदय द्वारा फीडबैक प्राप्त किया गया। सम्बन्धित परिवार द्वारा बताया गया कि उन्हें नियमित रूप से पानी की आपूर्ति हो रही है एवं योजना के प्रति सन्तोष व्यक्त किया। साथ ही यह भी अवगत कराना है कि निकटम ग्राम पंचायत कैलई के मजरे ग्राम हाजीपुर के अन्य ग्रामीणों के द्वारा कुछ घरों तक पेयजल आपूर्ति न पहुंचने की शिकायत की गयी, जोकि कैलई पेयजल योजना से आच्छादित है। कैलई पेयजल योजना निर्माणाधीन है। कैलई पेयजल योजना के समस्त निर्माण कार्य पूर्ण होने के उपरान्त ग्राम हाजीपुर एवं अन्य सम्मिलित ग्राम के निवासियों को नियमित रूप से पेयजल की आपूर्ति सुनिश्चित की जायेगी। सादर सूचनार्थ एवं अग्रिम आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

भवदीय

अधिशासी अभियन्ता

पृ0सं0 5649 / डब्लू–52 / 78 दिनांक 10-06-26

**प्रतिलिपिः–**

1. जिला सूचना अधिकारी, कानपुर देहात को सादर अवलोकनार्थ।

अधिशासी अभियन्ता